होमओनर वॉटर गाइड
स्प्रिंग चेकलिस्ट

कैलगरी के बहुमूल्य जल संसाधनों की रक्षा करना सिटी ऑफ़ कैलगरी, व्यवसायों और कैलगरी के निवासियों के बीच एक साझा जिम्मेदारी है। ऐसे कई कार्य हैं जो आप यह सुनिश्चित करने के लिए कर सकते/ती हैं कि आपका घर सुरक्षित और यथा संभव जल कुशल है। यह सरल स्प्रिंग चेकलिस्ट शुरू करने के लिए एक शानदार जगह है। कैसे काम करवाएँ इस पर अधिक विवरणों के लिए होमओनर वॉटर गाइड श्रृंखला देखें।

स्प्रिंग चेकलिस्ट

- ☐ पौधों, झाड़ियों और पेड़ों को कब पानी देना शुरू करें इसका पता लगाने के बारे में जानने के लिए वाटरिंग 101 गाइड देखें।
- ☐ इससे पहले कि आप योजना बनाएँ कि आप इस मौसम में कौन सा पौधा लगाते/ती हैं, यार्डस्मार्ट (YardSmart) पौधों की सूची से परामर्श करें।
- ☐ लॉन की एरेटिंग और डिथैचिंग का कार्यक्रम बनाएँ।
- ☐ बगीचों और लॉन से मलबे और जानवरों के कूड़े को साफ करें, किसी भी मृत वार्षिक पौधों और बारहमासी पौधों की छँटाई को हटा दें।
- ☐ ऐसी किसी भी खरपतवार उखाड़ दें जो पैदा हो गई हो।
- ☐ बगीचों और लॉन में कम्पोस्ट खाद डालें। सिटी ऑफ़ कैलगरी खाद उठाने की तिथियों की जाँच करें और उन्हें अपने कैलेंडर में जोड़ें।
- ☐ अपने बगीचों में आधी सड़ी घास (मल्च) डालें। सिटी ऑफ़ कैलगरी आधी सड़ी घास (मल्च) उठाने की तिथियों और स्थानों की जाँच करें, और उन्हें अपने कैलेंडर में जोड़ें।
- ☐ अपना रेन बैरल बनाएँ या स्थापित करें, या ग्रीन कैलगरी से एक खरीदने पर विचार करें।
- ☐ अपने लॉन मोवर की सर्विस कराएँ, ब्लेडों को तेज़ करें और अपनी घास को स्वस्थ रखने के लिए काटने की ऊँचाई तीन इंच निर्धारित करें।
- ☐ पानी के डिब्बों और पाइपों की जाँच और मरम्मत करें।
- ☐ अपने बाहरी नल और सिंचाई प्रणाली से पानी के रिसावों की जाँच करें।
- ☐ निकास पाइपों (डाउनस्पाउट्स) को साफ करें और उनकी मरम्मत करें, और स्टॉर्म वॉटर को अपने घर से दूर, आदर्श रूप से, अपने बगीचे की ओर निर्देशित करें।
- ☐ अपने घर के पास सड़क पर स्टॉर्म ड्रेन में से किसी भी मलबे को साफ करें।
- ☐ अपने आउटडोर पूल या हॉट टब की जाँच और उसकी मरम्मत करें।
- ☐ फव्वारों और तालाब जैसे सभी बाहरी पानी के फिक्स्चरों की रिसाव के लिए जाँच करें।
- ☐ यदि आपके पास कोई स्वचालित सिंचाई प्रणाली है, तो अपने बैकफ़्लो रोकथाम उपकरण को प्रमाणित क्रॉस कनेक्शन परीक्षक द्वारा परीक्षण करवाना निर्धारित करें।

इनडोर:

- ☐ अपने सम्प पंप की रिसावों या क्षति के लिए जाँच करें।
- ☐ घर के नियमित रखरखाव के हिस्से के रूप में हर छह महीने में अपने घर के अंदर रिसावों की जाँच करने के लिए अपने पानी के मीटर का उपयोग करें।
- ☐ अपने शौचालयों, नलों, ह्यूमिडिफायर, हॉट वॉटर हीटर, वॉटर सॉफ़्नर और अन्य पानी का उपयोग करने वाले उपकरणों की रिसावों के लिए जाँच करें।

सहायक सुझाव: यदि आपकी यात्रा की योजनाएँ हैं, तो अपनी जल सेवा को बंद करने का निर्णय लेने से पहले अपनी गृह बीमा पॉलिसी की जाँच करें, और पुष्टि करें कि आपके दूर रहने के दौरान किसी व्यक्ति को आपके घर पर कितनी बार जाँच करने की आवश्यकता है।

Calgary ONWARD

होमओनर वॉटर गाइड
पतझड़ (फाल) जाँचसूची

कैलगरी के बहुमूल्य जल संसाधनों की रक्षा करना सिटी ऑफ़ कैलगरी, व्यवसायों और कैलगरी के निवासियों के बीच एक साझा जिम्मेदारी है। ऐसे कई कार्य हैं जो आप यह सुनिश्चित करने के लिए कर सकते/ती हैं कि आपका घर सुरक्षित और यथा संभव जल कुशल है। यह सरल पतझड़ (फाल) जाँचसूची शुरू करने के लिए एक शानदार जगह है। कैसे काम करवाएँ इस पर अधिक विवरणों के लिए होमओनर वॉटर गाइड श्रृंखला देखें।

पतझड़ (फाल) जाँचसूची

- ☐ पौधों, झाड़ियों और पेड़ों को कब पानी देना बंद करें इसका पता लगाने के बारे में जानने के लिए वाटरिंग 101 गाइड देखें।
- ☐ अपने बगीचे में किसी भी मौसमी चीज़ को जोड़ने से पहले, यार्डस्मार्ट (YardSmart) पौधों की सूची से परामर्श करें।
- ☐ पौधों की क्यारियों से मलबे और मृत वार्षिक पौधों, और छँटे हुए बारहमासी पौधों को साफ करें।
- ☐ बारहमासी पौधों और पेड़ों को ठंढ से बचाने के लिए उनके चारों ओर आधी सड़ी हुई घास (मल्च) रखें।
- ☐ अपने पेड़ों और झाड़ियों की छँटाई करें।
- ☐ अपनी घास को डॉर्मेंसी में बढ़ने दें – पानी देना बंद करें और काटना बंद करें।
- ☐ सर्दियों के रिसावों से बचने के लिए आउटडोर पानी की आपूर्ति बंद करें।
- ☐ रिसावों से बचने के लिए अपनी सिंचाई प्रणाली को ठीक ढंग से शीत ऋतु के लिये तैयार (विंटराइज़) करें और बंद करें।
- ☐ अपने गटरों में से मलबा साफ करें।
- ☐ निकास पाइपों (डाउनस्पाउट्स) को साफ करें और उनकी मरम्मत करें, और स्टॉर्म वॉटर को अपने घर से दूर, आदर्श रूप से, अपने बगीचे की ओर निर्देशित करें।
- ☐ अपने रेन बैरल को साफ करें और ठीक ढंग से शीत ऋतु के लिये तैयार (विंटराइज़) करें।

इनडोर:

- ☐ क्या अभी भी एक पुराना, हाई-फ्लो शौचालय है? पैसे और पानी को बचाने के लिए इसे किसी लो-फ्लो वॉटरसेंस (WaterSense) अनुमोदित मॉडल के साथ बदलने पर विचार करें।
- ☐ अपने सम्प पंप की रिसावों या क्षति के लिए जाँच करें।
- ☐ आपके बेसमेंट में स्थित बैकफ्लो वाल्व को साफ करें।
- ☐ घर के नियमित रखरखाव के हिस्से के रूप में हर छह महीने में अपने घर के अंदर रिसावों की जाँच करने के लिए अपने पानी के मीटर का उपयोग करें।
- ☐ अपने शौचालयों, नलों, ह्यूमिडिफायर, हॉट वॉटर हीटर, वॉटर सॉफ़्नर और अन्य पानी का उपयोग करने वाले उपकरणों की रिसावों के लिए जाँच करें।
- ☐ अपने हॉट वॉटर हीटर, वॉटर सॉफ़्न और ह्यूमिडिफायर की सर्विस करें।

सहायक सुझाव: क्या किसी लंबे अवकाश पर जा रहे/ही हैं? अपनी जल सेवा को बंद करने का निर्णय लेने से पहले अपनी गृह बीमा पॉलिसी की जाँच करें, और पुष्टि करें कि आपके दूर रहने के दौरान किसी व्यक्ति को आपके घर पर कितनी बार जाँच करवाने की आवश्यकता है।

19-0002046